उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन-तृतीय तल, गोमती नगर,

लखनऊ-226010

संख्या- 05 /सूचना-परीक्षा/यू०पी०एस०एस०एस०सी०/2015

आवश्यक सूचना

समस्त अभ्यर्थियों का ध्यान उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या - 06/परीक्षा/2014-15 की ओर एतदद्वारा आकर्षित किया जाता है। उक्त विज्ञापन द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ के 1690 पदों पर चयन हेतु परिचालक (सामान्य चयन) परीक्षा 2015 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आयोग के उक्त विज्ञापन के संदर्भ में परिचालक के पद पर चयन हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि परिचालक के उल्लिखित पदों पर चयन के संबंध में 300 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार की, प्रथम चरण की परीक्षा के लिए आयोग द्वारा निम्नवत परीक्षा योजना एवं परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया गया है:-

उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के नियंत्रणाधीन परिचालक के पदों पर चयन किये जाने हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम।

परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम

परिचालक के पद पर चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर तीन चरणों में पूर्ण किया जायेगा।

(1) प्रथम चरण– चयन के प्रथम चरण में परिचालक पद की लिखित परीक्षा होगी, जिसके लिए निम्नलिखित चार विषयों के अलग–अलग भाग के वस्तुनिष्ठ एवं बहु वैकल्पिक प्रकार का केवल एक संयुक्त प्रश्नपत्र होगा। प्रश्नपत्र में उल्लिखित विषय, प्रत्येक विषय के लिए प्रश्नों की संख्या एवं अधिकतम अंक तथा समयावधि निम्न प्रकार होगी–

प्रश्नपत्र	विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	समयावधि
भाग–1	सामान्य बुद्धि परीक्षण	30	60	02 घण्टे की अवधि का संयुक्त प्रश्नपत्र
भाग–2	सामान्य जानकारी	30	60	
भाग–3	सामान्य हिन्दी	50	100	
भाग–4	गणित	40	80	
	योग–	150	300	

लिखित परीक्षा के विभिन्न विषयों का पाठ्यक्रम निम्न प्रकार होगा–

भाग–1– सामान्य बुद्धि परीक्षण–

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नयी परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक कियाओं पर आधारित होंगे।

भाग–2– सामान्य जानकारी–

प्रश्न पत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता के आंकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे, जिनसे ऐसी समसामयिक घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों, जिनमें ऐतिहासिक तथा भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित हो सकते हैं एवं उनके वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आंका जा सके।

भाग–3– सामान्य हिन्दी–

उम्मीद्वारों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनकी समझ एवं लेखन योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछें जायेंगे। (प्रश्नपत्र का यह भाग माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के इण्टरमीडिएट स्तर का होगा)

भाग–4– गणित–

इसके प्रश्न ऐसे होंगे जिनसे उम्मीदवार के मौलिक गणित हल करने की योग्यता तथा गणित के प्रतिशत, अनुपात, समानुपात, औसत, संख्याओं को पूर्ण करना, तालिकाओं तथा ग्राफों का प्रयोग, समय और दूरी आदि जैसे प्रश्न हल करने के कौशल को परखा जा सके।

द्वितीय चरण –

प्रथम चरण में सफल अभ्यर्थियों को अधिमानी अर्हताओं के आधार पर निम्न प्रकार अंक दिये जायेंगे।

अधिमानी अर्हता–

1– मोटरयान (भारी वाहन) चलाने का तीन वर्ष से पूर्व का लाइसेन्स धारक –10 अंक

तृतीय चरण– साक्षात्कार– 35 अंक–

1– आयोग लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रवीणता क्रम में उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को चयन के लिए द्वितीय तथा तृतीय चरण में सम्मिलित करेगा, जितना वह ऐसा करने के लिए उचित समझे।

2– परिचालक पद पर अभ्यर्थियों का अन्तिम चयन उनके द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चरण में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर किया जाएगा।

आयोग द्वारा परिचालक (सामान्य चयन) परीक्षा 2015 का आयोजन दिनांक 23 अगस्त,2015 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रदेश के 32 जनपदों- आगरा, इलाहाबाद, आजमगढ़, बरेली, इटावा, फैजाबाद, गोरखपुर, गाज़ियाबाद, जौनपुर, झाँसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, रायबरेली, सहारनपुर, शाहजहाँपुर, सीतापुर, वाराणसी, मैनपुरी, मथुरा, बाराबंकी, रामपुर, बुलंदशहर, हरदोई, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा), फ़तेहपुर, कन्नौज, बांदा, देवरिया, गोंडा, अंबेडकर नगर में सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।

22.06.15

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।